# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक 12.05.2025**

**विषय:- नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त रामसूरत राम को चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में **"आपरेशन - चक्रव्यूह"** के तहत चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 297/2025 धारा 96 बीएनएस व 5एम/6 पोक्सो एक्ट थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित अभियुक्त रामसूरत राम पुत्र स्व0 हीरा लाल को आज दिनांक-12.05.2025 को समय करीब 10.40 बजे को हवाई पट्टी के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में चौबेपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 11/05/2025 को वादी मुकदमा ने नाबालिग बच्चे के साथ विपक्षी रामसूरत द्वारा दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दिया गया, जिसके आधार पर चौबेपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना उ.नि. प्रभाकर सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

रामसूरत राम पुत्र स्व0 हीरा लाल निवासी ग्राम कुर्सिया धौरहरा थाना चौबेपुर कमिश्नरटे वाराणसी, उम्र करीब 50 वर्ष।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

हवाई पट्टी क पास थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी, दिनांक 12.05.2025 समय 10.40 बजे।

**आपराधिक इतिहास-**

1-मु0अ0सं0 0140/2003 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2-मु0अ0सं0 0274/2019 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3-मु0अ0सं0 0016/2022 धारा 3/25, 7 आर्म्स एक्ट थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

4-मु0अ0सं0 0283/2019 धारा 147/201/302 भा0द0वि0 थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

5-मु0अ0सं0 0297/2025 धारा 96 बीएनएस 5m/6 पाक्सो एक्ट थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

<u>**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**</u>

01. उ0नि0 प्रभाकर सिंह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
02. का0 विशाल प्रसाद थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
03. हे0का0 राममूरत यादव थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।




**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**